HISTORY (OPTIONAL) — PAPER II

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2020

इतिहास (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र II

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/history/paper-2/2020.

10-MARK QUESTIONS

16 questions

1. Critically examine the following statements in about 150 words each: "Maharaja Ranjit Singh died in 1839. His death was the signal for an outburst of anarchy all over the Punjab." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु सन् 1839 में हुई थी। उनकी मृत्यु पूरे पंजाब के लिए अराजकता के विस्फोट का संकेत था।"

2. Critically examine the following statements in about 150 words each: "In the early twentieth century, there came into existence a number of women's organisations, which operated more actively in the public arena and focused more directly on women's political and legal rights." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में अनेकों स्त्री संगठन अस्तित्व में आए जिन्होंने जन क्षेत्र में बहुत सक्रियता से कार्य किया तथा अपना ध्यान अधिक प्रत्यक्षता से स्त्रियों के राजनीतिक तथा कानूनी अधिकारों पर केन्द्रित किया ।"

3. Planning was seen as a powerful instrument that could be used to remove regional inequality. Examine. **10**

योजना को उस शक्तिशाली औज़ार के रूप में देखा गया जिसके उपयोग से क्षेत्रीय असमानता को समाप्त किया जा सकता था । परीक्षण कीजिए ।

4. Critically examine the following statements in about 150 words each: "The Trade Union Movement in India not only supported the call for national struggle at critical junctures, but also impacted its course and character in several ways." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "भारत में ट्रेड यूनियन आन्दोलन ने महत्त्वपूर्ण पड़ावों पर न केवल राष्ट्रीय संघर्ष के आह्वान का समर्थन किया वरन् अनेक मार्गों से इसके विषय तथा स्वरूप को भी प्रभावित किया ।"

5. Critically examine the following statements in about 150 words each: "Based on his discussion with Indian leaders, as well as his own perception, Lord Mountbatten soon came to the conclusion that partition was the only practicable and feasible solution." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "भारतीय नेताओं से अपने वार्तालाप तथा अपने मत के आधार पर लॉर्ड माउण्टबैटन शीघ्र इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विभाजन ही एकमात्र व्यावहारिक तथा यथोचित समाधान था ।"

6. "The Reorganisation of the States on the basis of language was a major aspect of national consolidation and integration." Comment. **10**

"भाषाई आधार पर राज्यों का पुनर्गठन राष्ट्रीय सुदृढ़ीकरण तथा एकीकरण का प्रमुख पहलू था ।" टिप्पणी कीजिए ।

7. Do you feel that the Santhal Hool (rebellion) 1855-56, was the most effective tribal movement in pre-1857 India? **10**

क्या आपके मतानुसार भारत में 1857 से पूर्व हुआ 1855-56 का संथाल हूल (विद्रोह) सबसे प्रभावशाली जनजातीय आन्दोलन था ?

8. Critically examine the following statements in about 150 words each: "In the initial stages, when Indian nationalism was immature, just sprouting, it found expression in many liberal religio-reform movements." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "अपने प्रारम्भिक चरणों में जब भारतीय राष्ट्रवाद अपरिपक्व था तथा अभी-अभी अंकुरित मात्र ही था, इसने अपनी अभिव्यक्ति अनेकों उदार धार्मिक सुधार आन्दोलनों से प्राप्त की।"

9. Critically examine the following statements in about 150 words each: "The causes of the French Revolution of 1789 included both long term and structural factors, as well as more immediate events." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "सन् 1789 की फ्रांस की क्रान्ति के कारणों में दीर्घकालिक तथा ढाँचागत कारणों के साथ-साथ तत्कालीन घटनाएँ भी शामिल थीं।"

10. "The 1848 revolutions frightened the crowned heads of Europe and caused several to abdicate. Those who remained were cognizant of the threats posed by liberalism, nationalism and socialism." Comment. **10**

"सन् 1848 की क्रान्तियों ने यूरोपीय राजाओं को भयभीत कर दिया तथा उनमें से अनेकों को पद छोड़ना पड़ा । जो बचे रहे उन्हें उदारवाद, राष्ट्रवाद तथा समाजवाद जनित धमकियों का ज्ञान था।" टिप्पणी कीजिए ।

11. Critically examine the following statements in about 150 words each: "The multitude of newly independent countries came to be known as the 'Third World', belonging neither to the First World of capitalist democracies, nor the Communist Second World." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "नए आज़ाद हुए देशों के बाहुल्य को 'तृतीय विश्व' के रूप में जाना गया जो न तो प्रथम विश्व के पूँजीवादी लोकतन्त्र थे, और ना ही दूसरे विश्व के साम्यवादी देशों से सम्बन्धित थे।"

12. Critically examine the following statements in about 150 words each: "Industrial Revolution had far reaching social and political consequences with the advent of assembly line factories, urbanization and rise of the urban working class." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "असैम्बली लाइन कारखानों, शहरीकरण तथा शहरी मज़दूर वर्ग के उदय के साथ औद्योगिक क्रान्ति के दूरगामी सामाजिक तथा राजनीतिक परिणाम हुए।"

13. Discuss the circumstances leading to the French exit from Algeria in 1962. **10**

उन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए जिनके कारण सन् 1962 में फ्रांस को अल्जीरिया छोड़ना पड़ा था ।

14. Critically examine whether it was true that after a century of dependency on Europeans, Africans were ill prepared for the task of nation-building. **10**

आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए कि क्या यह कहना उचित होगा कि एक शताब्दी तक यूरोपियों पर निर्भरता के कारण अफ्रीकी राष्ट्र-निर्माण के कार्य के लिए भली-भांति तैयार नहीं थे ।

15. Critically examine the following statements in about 150 words each: "The principles of Enlightenment were in some ways a continuation of the discoveries and theories of the Scientific Revolution." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "प्रबोधन के सिद्धान्त कुछ प्रकार से वैज्ञानिक क्रान्ति की खोजों तथा सिद्धान्तों का विस्तार थे।"

16. Critically examine the following statements in about 150 words each: "The British were slated to withdraw from Palestine in May 1948, and both sides prepared for that day. Violence between Arabs and Jews, already endemic, escalated." **10**

निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए: "मई 1948 में, अंग्रेज़ों ने फिलीस्तीन से हटना शुरू करना था, और उस दिन के लिए दोनों पक्षों ने तैयारी की थी। अरबों तथा यहूदियों के मध्य जातीय हिंसा और भड़क गई ।"

20-MARK QUESTIONS

12 questions

17. "It was Dupleix who had first showed the way of intervening in disputes of the Indian rulers and thereby acquiring political control over vast territories - a technique which was later perfected by the English East India Company." Elaborate. **20**

"डूप्ले ने पहली बार भारतीय राजाओं के आपसी विवादों में हस्तक्षेप का मार्ग प्रशस्त करके विस्तृत राज्य क्षेत्रों पर राजनीतिक नियन्त्रण प्राप्त किया इस तकनीक को बाद में अंग्रेज़ी ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने निपुणता के साथ उपयोग किया ।" सविस्तार व्याख्या कीजिए ।

18. In its political behaviour the Indian National Congress in its early career was never a radical organisation, besides the founders of the Congress involved A.O. Hume in their project. Do these facts verify that the Congress was founded as a 'Safety valve'? Explain. **20**

अपने आरम्भिक काल में राजनीतिक व्यवहार की दृष्टि से भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस कभी भी एक आमूल परिवर्तनवादी संगठन नहीं रहा, साथ ही संस्थापकों ने काँग्रेस की स्थापना में ए.ओ. ह्यूम को भी शामिल किया था। क्या ये तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि काँग्रेस की स्थापना एक 'सुरक्षा वाल्व' के रूप में की गई थी ? स्पष्ट कीजिए ।

19. For long, the Revolt of 1857, has been mistaken to be a mere mutiny of the Indian sepoys in the Bengal army. However, its causes need to be searched for not only in the dissatisfaction of the army, but in a long drawn process of fundamental social and economic change that upset the peasant communities. Discuss. **20**

1857 के विद्रोह को एक लम्बे समय तक बंगाल की सेना के भारतीय सिपाहियों का गदर मात्र समझा जाता रहा। उसके कारणों की खोज केवल सेना के असन्तोष के रूप में ही न करके वरन् उस मूलभूत सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की लम्बी प्रक्रिया में की जानी चाहिए जिसने कृषक समुदायों को परेशान कर दिया। विवेचना कीजिए ।

20. Do you agree with the fact that the virtual failure of the Non-Cooperation Movement and the gloom that descended on the nationalist scene, created conditions for revolutionary activities? Discuss. **20**

क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि असहयोग आन्दोलन की परोक्ष असफलता तथा राष्ट्रवादी परिदृश्य पर छायी उदासी ने क्रान्तिकारी गतिविधियों के लिए परिस्थितियों का निर्माण किया ? विवेचना कीजिए ।

21. "In the divided and contestable space of Indian politics, Gandhiji could claim for himself a centrist position because he alienated neither and tactically combined the goal of the moderates with the means of the extremists." Discuss. **20**

"भारतीय राजनीति के विभाजित तथा विवादास्पद क्षेत्र में गाँधीजी अपने लिए एक मध्यवर्ती स्थिति का दावा कर सके क्योंकि उन्होंने किसी को अलग नहीं किया बल्कि युक्तिपूर्वक नरमपंथियों के लक्ष्य को गरमपंथियों के साधनों से जोड़ दिया।" विवेचना कीजिए ।

22. "After Indian Independence India-China relations started on a high note, but during the course of the coming years India had to face a bitter experience due to the Chinese aggression." Elaborate. **20**

"भारतीय स्वतंत्रता के पश्चात् भारत-चीन सम्बन्ध बहुत गरमजोशी के साथ शुरू हुए, परन्तु आने वाले वर्षों में भारत को चीनी आक्रामकता के कड़वे अनुभव का सामना करना पड़ा ।" सविस्तार व्याख्या कीजिए ।

23. "From Bismarck's 'Blood and Iron' speech and his forceful actions to achieve German unification, Bismarck came to be known as the Iron Chancellor." Critically examine. **20**

"बिस्मार्क का 'रक्त तथा लोहे' का भाषण तथा जर्मनी के एकीकरण में उसके द्वारा किए गए शक्तिशाली कार्यों ने बिस्मार्क को लौह चांसलर (Iron Chancellor) के रूप में विख्यात कर दिया ।" समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

24. "Lincoln's main thesis was that the Slavery issue had to be decided one way or the other and could no longer be evaded by compromise." Comment in the light of his role in the American Civil War. **20**

"लिंकन की मुख्य अभिधारणा थी कि दासप्रथा के मुद्दे का किसी न किसी रूप में निर्णय करना होगा तथा इसे समझौतों द्वारा अधिक समय तक टाला नहीं जा सकता।" अमरीकी गृह युद्ध में लिंकन की भूमिका के संदर्भ में टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए ।

25. A new configuration of power emerged in world politics after the end of the cold war. Analyse how USA managed to become the sole superpower. **20**

शीत युद्ध की समाप्ति के पश्चात् विश्व राजनीति में एक नए शक्ति समीकरण का उदय हुआ । विश्लेषण कीजिए कि किस प्रकार संयुक्त राज्य अमरीका (यू.एस.ए.) एकमात्र महाशक्ति बन गया ।

26. How did Stalin build on Lenin's legacy of Bolshevik Revolution and introduce new elements of totalitarianism to transform USSR as a superpower? **20**

स्टालिन ने किस प्रकार लेनिन की विरासत बॉल्शेविक क्रान्ति को आगे बढ़ाया तथा सर्वसत्तावाद के नए तत्त्वों को जोड़कर सोवियत संघ (यू.एस.एस.आर.) को एक महाशक्ति बना दिया ?

27. "Napoleon was not a revolutionary but he solidified many of the revolutionary changes of 1789-1791 and he himself supported most of the ideas and proposals of Enlightenment philosophers." Substantiate. **20**

"नेपोलियन स्वयं एक क्रान्तिकारी नहीं था परन्तु उसने 1789 से 1791 के मध्य हुए अनेकों क्रान्तिकारी परिवर्तनों को सुदृढ़ता प्रदान की तथा उसने स्वयं प्रबोधन चिंतकों के अनेकों विचारों तथा प्रस्तावों का समर्थन किया।" सिद्ध कीजिए ।

28. Do you agree with the statement that the Second World War was history's most destructive war? Elaborate. **20**

क्या आप इस कथन से सहमत हैं कि द्वितीय विश्व युद्ध इतिहास का सबसे विध्वंसक युद्ध था ? सविस्तार व्याख्या कीजिए ।